Tribune, Delhi, 25/03/2026
Page No: 3, Size: 10.48cm × 11.69cm

# Security stepped up around gas pipelines

TRIBUNE NEWS SERVICE

PATIALA, MARCH 24
Amid rising global tension due to the ongoing conflict involving Iran, United States and Israel, and concerns over natural gas supply, security has been stepped up around major natural gas pipelines passing through Patiala and its adjoining districts.

The district administration here has also banned the flying of drones near the pipeline network of GAIL (India) Limited from Tuesday. The move aims at safeguarding critical gas supplying infrastructure.

The restrictions will remain in force from March 24 to May 23, unless modified or withdrawn earlier by the district authorities.

In an order issued by Additional District Magistrate Simarpreet Kaur, the operation of drones and other unmanned aerial vehicles has been prohibited in areas surrounding the GAIL natural gas pipeline network in the district, including locations near Rajpura and other sensitive installations. Any violation of the order will invite strict legal action.

**Business Standard, Delhi, 25/03/2026**

Page No: 10, Size: 6.93cm × 8.31cm

# Suzlon Wins 100 MW Wind Project from GAIL

**Mumbai:** Suzlon Group on Tuesday said it has secured a 100 MW wind energy project from GAIL India. The power generated from this project will support the decarbonisation of GAIL's upcoming petrochemical plant in Nandurbar, Maharashtra, the company said in a statement. —**Our Bureau**

# सुजलॉन को गेल से 100 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ऑर्डर मिला

नई दिल्ली (एजेंसी): सुजलॉन समूह ने गेल (इंडिया) लि. से 100 मैगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के बयान के अनुसार यह वित्त वर्ष 2025-26 में सुजलॉन को मिला चौथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पी.एस.यू.) ऑर्डर है, जो इसकी मजबूत और समग्र क्षमताओं को दर्शाता है।

बयान के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू.) के क्षेत्र में अपनी रणनीति को मजबूत करते हुए, भारत की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी सुजलॉन समूह ने गेल से अपनी छठी 100 मैगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना की घोषणा की। सुज़लॉन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सी.ई.ओ.) अजय कपूर ने कहा, "हमें गेल के साथ अपने मजबूत संबंधों को जारी रखते हुए खुशी हो रही है।"

**Jagran City, Meerut, 25/03/2026**
Page No: 1, Size: 33.63cm × 14.76cm

# नया पीएनजी कनेक्शन निश्शुल्क, कैंटीन को सात, घरों को 10 दिन में आपूर्ति

## एलपीजी की समस्या के बीच गेल गैस ने पीएनजी उपभोक्ताओं को दी छूट


**24** घंटे मिलती है पाइप लाइन से गैस की आपूर्ति

**30** नहीं अब 10 से 15 दिन के अंदर कनेक्शन देने की हुई तैयारी

**56** हजार घरेलू पीएनजी कनेक्शन हैं शहर में

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** गैस संकट के बीच गेल गैस लिमिटेड ने घरेलू उपभोक्ताओं, हास्टल, मैस व कैंटीन के लिए कई नई घोषणाएं की हैं। कैंटीन, मैस, अस्पताल व अन्य आवश्यक सुविधा से जुड़े प्रतिष्ठानों के लिए नए कनेक्शन के आवेदन पर अब सात दिन के अंदर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं घरों के लिए 10 से 15 दिन तक आपूर्ति शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। अब तक कनेक्शन देने की समय सीमा 30 दिन रखी गई थी। घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन करने वालों को 500 रुपये भी वापस मिल जाएंगे, इस तरह से कनेक्शन निश्शुल्क हो जाएगा।

गेल गैस लिमिटेड ने नई घोषणा की है कि 16 मार्च से 30 जून के बीच पीएनजी गैस का उपयोग शुरू करने वाले उपभोक्ताओं को उनके पहले बिल में 500 रुपये की सीधी छूट दी जाएगी। दरअसल, आवेदन करने पर 500 रुपये ही शुल्क लिया जाता है, इस तरह से कनेक्शन शुल्क



वापस मिल जाएगा। वैसे एक स्कीम पहले से ही चल रही है, जो 31 मार्च के बाद समाप्त हो जाएगी। नए उपभोक्ता चाहें तो पहले से चल रही स्कीम का लाभ ले सकते हैं। इसके तहत नए घरेलू पीएनजी कनेक्शन लेने पर उपभोक्ताओं को कुल 900 रुपये तक की छूट दी जा रही है। यह छूट अधिकतम 300 रुपये प्रति बिल के हिसाब से पहले तीन बिलों में समायोजित की जाएगी। उपभोक्ताओं को दोनों में से एक का ही लाभ मिलेगा। गेल गैस लिमिटेड मेरठ के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि मंत्रालय और नियामक बोर्ड के निर्देशों के तहत अस्पतालों, स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की कैंटीन एवं मैस के लिए तेजी से पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ऐसे संस्थानों को जल्द आवेदन करना चाहिए।

**ऐसे करें आवेदन :** पीएनजी कनेक्शन देने के लिए पूरे शहर में पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। शहर के अंदर गेल गैस लिमिटेड की आपूर्ति मिलती है, आप www.gailgas.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यदि कोई समस्या आती है तो कंपनी के कार्यालय जाकर आफलाइन आवेदन भी जमा कर सकते हैं। आवेदन के दौरान अपना नाम, पता और संपर्क से जुड़ी जानकारी भरनी होती है। इसमें आधार कार्ड, एड्रेस प्रूफ भी देना होगा। दस्तावेज जमा करने के बाद कंपनी की तकनीकी टीम आपके घर का निरीक्षण करेगी। इसमें यह देखा जाता है कि बिछाई गई पाइपलाइन से घर कितना दूर है। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाई जाती है, मीटर लगाया जाता है और आपके गैस चूल्हे को पीएनजी के अनुसार बदला जाता है।

### इसलिए उपयोगी है पीएनजी

पीएनजी के कई फायदे हैं। इसमें 24 घंटे गैस सप्लाई मिलती है, यह एलपीजी से ज्यादा सुरक्षित मानी जाती है क्योंकि गैस हवा से हल्की होती है और तेजी से फैल जाती है। साथ ही इसमें जितना उपयोग, उतना भुगतान का सिस्टम होता है, जिससे खर्च पर नियंत्रण रहता है।

# कैंटीन, अस्पताल, ढाबे व शादी के लिए मिलेंगे सिलिंडर, आज लगेगी डीएम की मुहर

- कुल आवश्यकता के 20 प्रतिशत व्यावसायिक सिलिंडर जिले को मिले
- जिला पूर्ति कार्यालय की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी डा. वीके सिंह तय करेंगे आवंटन

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** स्कूल, अस्पताल, कैंटीन, मेस व ढाबों के साथ-साथ आवश्यकता वाले विशेष कार्यक्रमों जैसे शादी समारोह के लिए भी व्यावसायिक सिलिंडर मिल सकेंगे। हालांकि सभी क्षेत्र का अलग-अलग कोटा निर्धारित किया गया है।

किस कार्य के लिए कितने सिलिंडर मिल सकेंगे, इससे संबंधित निर्णय पर बुधवार को जिलाधिकारी वीके सिंह मुहर लगाएंगे। जिला पूर्ति कार्यालय से इससे संबंधित रिपोर्ट मंगलवार को भेज दी गई है। गौरतलब है कि व्यावसायिक सिलिंडर शून्य आपूर्ति घोषित होने पर शासन से सिलिंडरों की आपूर्ति की गई है। जिले की व्यावसायिक गैस सिलिंडर की कुल आवश्यकता का सिर्फ 20 प्रतिशत ही दिया गया है। इसी में से सभी को वितरण होगा।

**दो सिलिंडर कनेक्शन को 35 दिन बाद मिलेगी एलपीजी :** व्यावसायिक ही नहीं घरेलू एलपीजी की भी समस्या अभी बनी है। दो-तीन दिन पहले आनलाइन बुकिंग प्रक्रिया सही हो गई थी लेकिन अब वही समस्या फिर से आने लगी है। आनलाइन बुकिंग कराने पर समस्या आ रही है। वहीं अब सिलिंडर बुकिंग के नए नियम ने भी लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मेरठ एलपीजी डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष नमो जैन ने बताया कि नए नियम के तहत जिनके पास एक सिलिंडर वाला कनेक्शन है वे 25 दिन बाद बुकिंग करा सकेंगे। जिनके पास दो सिलिंडर वाला कनेक्शन है, वे 25 दिन बुकिंग तो करा सकेंगे लेकिन सिलिंडर 35 दिन बाद मिलेगा। उज्ज्वला कनेक्शन वालों को 45 दिन बाद सिलिंडर मिलेगा।

Business Standard, Delhi, 25/03/2026
Page No: 6, Size: 26.04cm × 51.38cm

CRISIS IN WEST ASIA

# Mahanagar Gas offers free fuel, bill adjustment for new PNG customers

SUDHEER PAL SINGH
New Delhi, 24 March

City gas distribution company Mahanagar Gas Ltd (MGL) on Tuesday announced a slew of incentives for customers to promote the use of piped natural gas (PNG). This is in line with the government's directive to boost domestic PNG and compressed natural gas (CNG) for the transport sector.

"For domestic customers, the company is offering free gas worth ₹500 to all new registrations from March 16 till April 30. And, it is also offering a ₹1,000 adjustment in gas bills per customer from new buildings where the penetration level is more than 60 per cent," the company said in a statement.

It is also giving an instant discount of ₹500 per customer for web registrations and a waiver of minimum charges during periods of non-usage.

This is apart from zero upfront registration charges which will be introduced soon, wherein payments will be made only after conversion.

"For commercial customers, MGL is waiving registration charges. The company will also undertake downstream infrastructure at its own cost. These benefits are aimed at making PNG more accessible while maintaining high standards of service and reliability," the company added.

The firm said it is committed to the seamless delivery of PNG and CNG and is working to enhance efforts to meet the ever-changing needs of customers. "These initiatives and benefits reflect our vision and belief of expanding the reach of natural gas, which is essential for our nation's transition to cleaner fuel," said Ashu Shinghal, managing director (MD), Mahanagar Gas Ltd.

The government issued the Natural Gas (Supply Regulation) Order on March 9, recognising domestic PNG and CNG as the highest priority sectors.

MGL said the measures to maintain consistent supply would be applicable across all its geographical areas in Maharashtra and Karnataka. These include Mumbai, Thane, Mira-Bhayander, Navi Mumbai, Raigad, Ratnagiri, Chitradurg, Davengere, Latur and Dharashiv. Promoted by GAIL (India), MGL has supplied natural gas in Mumbai for 30 years.